Letter Receipt No. 887
Date 18-06-2015
Name of Receiver Shahnawaz

प्रेस विज्ञप्ति
राजस्व विभाग,उ0प्र0
लेखपाल भर्ती परीक्षा-2015

जनपद का नाम -बिजनौर।   परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या : 75/13 /सात-भूलेख(य-)   दिनांक 18 जून,2015

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अंतिम तिथि - 22 जुलाई 2015
परीक्षा शुल्क बैंक मे जमा करने की अन्तिम तिथि - 21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाईन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम संख्या	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अर्हमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200-20200 (ग्रेड पे- 2000)	407	199	69	15	124	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इन्टरमीडिऐट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा मे उत्तीर्ण	1- प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो ।

1- लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2- दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियो को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियों बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा ।

3- ऑन लाईन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगें । सामान्य और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियो से रू0 300/- (+बैक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/- (+बैक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई-चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाईन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4- प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी । आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी । परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथ इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा ।

5- परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि ,समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेबसाईट http://bor.up.nic.in और जिले की वेबसाईट http://bijnor.nic.in पर उपलब्ध होगा ।

6- ऑन लाईन आवेदन पत्र का प्रारूप, आफ लाईन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद की वेबसाईट http://bor.up.nic.in पर और जिले की वेबसाईट http:/bijnor.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

अध्यक्ष, चयन समिति/
जिलाधिकारी,बिजनौर।

पृष्ठाकंन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः-

1- आयुक्त एवं सचिव,राजस्व परिषद,उ0प्र0,अनुभाग-4, लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ ।
2- आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद की सेवा में सूचनार्थ ।
3- जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,बिजनौर को इस निर्देश के साथ उक्त विज्ञप्ति को जिले की वेबसाईट पर उपलब्ध कराते हुए, अन्य आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
4- जिला सूचना अधिकारी,बिजनौर इस निर्देश के साथ उक्त विज्ञप्ति का प्रचार प्रसार दैनिक समाचार पत्रों (दैनिक राष्ट्रीय सहारा एवं दैनिक जनवाणी) तथा स्थानीय केबल टीवी के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।
5- जिला सेवा योजन अधिकारी, बिजनौर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6- नाजिर कलेक्ट्रेट बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि अपने स्तर से जनपद मुख्यालय व समस्त तहसीलों के सूचना पटों पर उपरोक्त विज्ञप्ति चस्पा कराकर व्यापक प्रचार प्रसार करें।

Shri Arjun Singh (SA)
Pls upload/publish it on the distt website
18/06/2015
NIC

अध्यक्ष, चयन समिति/
जिलाधिकारी,बिजनौर।